आकाशवाणी केन्द्र शिमला

21.03.2025 / 11.00 बजे

प्रादेशिक समाचार

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के शिमला में चल रहे बजट सत्र के आज नौंवे दिन सदन में प्रश्नकाल के अलावा अन्य विधायी कार्य निपटाए जाएंगे। इस दौरान बजट पर जारी चर्चा का जवाब मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू देंगे।

किसान सभा

हिमाचल किसान सभा एवं सेब उत्पादक संघ ने कल किसान सभा के बैनर तले विधानसभा के बाहर मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। किसानों ने पंचायत भवन से लेकर चौड़ा मैदान तक मार्च निकाला। इस दौरान किसानों ने प्रदेश में विभिन्न कानून के तहत बेदखली और कृषि भूमि के नियमितीकरण के मुद्दों पर जमकर नारेबाजी की। किसान सभा के अध्यक्ष कुलदीप तंवर ने कहा कि किसानों, बागवानों द्वारा इस रैली के माध्यम से कृषि भूमि के नियमितीकरण और बेदखली के मसलों को सरकार के समक्ष रखा गया है। उन्होने कहा कि किसान के विभिन्न मुद्दों को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सोपा गया है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में किसानों के खिलाफ बेदखली की मुहिम एक गंभीर समस्या बन गई है।

इस बीच मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने धरना स्थल पर जाकर किसानों की मांगों को सुना। किसानों ने इस दौरान मुख्यमंत्री को 21 सूत्रीय मांगपत्र भी सौपा। मुख्यमंत्री ने उनकी मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

ज्ञापन

हिमाचल प्रदेश पावर कारपोरेशन के महा प्रबंधक व चीफ इंजीनियर विमल नेगी की मौत के मामले को लेकर आज विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष राजीव बिंदल सहित भाजपा विधायक दल ने राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल को ज्ञापन सौपा। इसमें विमल नेगी की मौत की सी बी आई जांच की मांग की गई है। विधानसभा में भी विपक्ष लगातार इस मामले को उठा रहा है और बीते कल भी सरकार से इस मामले को लेकर सी बी आई जांच करवाने की मांग की थी।

संगोष्ठी

डॉ. मनमोहन सिंह हिमाचल प्रदेश लोक प्रशासन संस्थान ने तीन भागों में संगोष्ठी श्रृंखला शुरू की गई है। इसमें विभिन्न प्रतिभागी सहयोगात्मक चर्चाओं में भाग लेंगे। संस्थान के एक प्रवक्ता ने ये जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश को सतत विकास और आर्थिक वृद्धि की दिशा में आगे बढ़ने के लिए नवीन समाधान खोजे जाएंगे। उन्होंने कहा कि इसमें 167 विशेषज्ञ भाग लेंगे। ऑनलाइन प्रश्नावली के माध्यम से आए सुझावों के आधार पर कल से तीन दिवसीय भौतिक विचार मंथन अभ्यास 'समृद्ध हिमाचल 2045' आयोजित किया जाएगा, जिसमें सात श्रेणियों के सभी प्रतिनिधियों को शामिल किया जाएगा। इस दौरान चिन्हित क्षेत्रों पर व्यापक चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री, उप–मुख्यमंत्री सहित अन्य राजनीतिक सलाहकार भाग लेंगे।

किसान मेला

शिमला के समीप बनूटी में जिला स्तरीय किसान मेले का आयोजन कल किया जाएगा। जिला प्रोद्योगिकी अभिकरण के परियोजना निदेशक देवी चंद कश्यप ने बताया कि इस मेले में मुख्यातिथि के रूप में लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह शिरकत करेंगे। इस मेले में लगभग एक हजार किसान भाग लेंगे। इस दौरान प्राकृतिक खेती से संबंधित विभिन्न प्रकार की प्रदशर्नियां भी लगाई जाएंगी। उन्होंने कहा कि किसानों को जानकारी देने के लिए वैज्ञानिक एवं उत्कृष्ट किसान भाग लेंगे। इस दौरान अच्छा कार्य करने वाले किसानों को सम्मानित भी किया जाएगा। इसके अलावा मेले में कृषि, उद्यान, पशुपालन विभाग और राष्ट्रीय अजीविका मिशन की प्रदशर्नियां भी लगाई जांएगी।

वन संरक्षण

आज अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य वनों की सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना है। इस दिवस की महत्ता को तथा पर्यावरण संरक्षण के संदेश को जन–जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से बीते दिनों 133 ईको टास्क फोर्स द्वारा मेगा पौधरोपण तथा पर्यावरण जागरूकता अभियान सह स्वच्छता अभियान आयोजित किया गया। हर वर्ष 21 मार्च को अन्तरराष्ट्रीय वन दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर शिमला की ग्राम थली में विभिन्न प्रजातियों के 1200 पौधे जबकि सरी में 1500 से अधिक पौधे रोपित किए गए। इस अभियान में एन सी सी व स्कूल के छात्रों, स्वयं सेवी संस्थाओं व महिला मंडल के सदस्य सहित अन्य प्रतिभागियों ने भाग लिया।